हिन्दुस्तान
मंगलवार, 12 सितंबर 2023
02
www.livehindustan.com

# लघु नाटिका प्रतियोगिता में अग्रवाल कॉलेज प्रथम

बल्लभगढ़। केएल मेहता दयानंद महाविद्यालय में आयोजित अंतर महाविद्यालय लघु नाटिका प्रतियोगिता में अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ की आरआरसी टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लघु नाटिका का विषय नशामुक्ति था। लघु नाटिका में स्वयंसेवकों ने बताया किस तरह से भारत का युवा नशे रूपी जाल में फंसता जा रहा है और नशा किस तरह से परिवारों और समाज को अपार क्षति पहुंचा रहा है। कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने विजेता टीम का स्वागत किया और बधाई देते हुए कहा कि जब किसी कार्य को करने के पीछे हमारा उद्देश्य अच्छा होता है,तो भगवान भी उसमें हमारी मदद करता है।